# बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को प्राथमिकता से दुरूस्त करवाएं : कलेक्टर



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- **राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के साथ आमजन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए**
- **प्रत्येक ब्लॉक में चारदिवारी और टीनशेड विहीन विद्यालयों को चिन्हित कर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि राजस्व और अन्य विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। बुधवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान जिला कलेक्टर ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मानसून का दौर अब लगभग खत्म हो गया है। इसके मद्देनजर बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को प्राथमिकता से दुरूस्त करवाएं। साथ ही संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के पर्याप्त बंदोबस्त हों। राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के साथ आमजन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। इसे पूर्ण गंभीरता से लिया जाए।

उन्होंने मुख्य सड़कों के किनारों पर बरसात के कारण बढ़ी झाडियों की छंटाई करवाने के निर्देश दिए जिससे वाहन चालकों को परेशानी नहीं हो। मुख्य सड़कों पर बंद स्ट्रीट लाइटों को अविलम्ब चालू करवाने को कहा। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों पर नियमानुसार पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक ब्लॉक में चारदिवारी और टीनशेड विहीन विद्यालयों को चिन्हित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए और कहा कि मनरेगा के तहत उक्त कार्य करवाए जाएं। खनन विभाग को अवैध माइनिंग को रोकने और नंबर प्लेट विहीन वाहनों के संचालन के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज, फाल्ट और बिजली कटौती जैसी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भूमि आवंटन भू रूपांतरण जैसे प्रकरणों को नियम सम्मत तरीके और प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने को कहा। जिला कलेक्टर ने जीसीएमएस पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के निस्तारण व अपडेट सार्वजनिक रास्तों, चारागाह भूमियों पर अवैध अतिक्रमण की रोकथाम लिए विशेष निगरानी रखने के साथ ही अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपखंड अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई और आमजन से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान करें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, एडीएम (प्रशासन) डॉ दुलीचंद मीना, एडीएम नगर रमेश देव सहित राजस्व और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी बाल उ.मा.वि. ने जीती वुशू चैम्पियनशिप

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन स्थित इंदिरा गांधी बाल उच्च माध्यमिक स्कूल ने 17 और 19 वर्षीय वर्ग की 29वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 14 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रांज मैडल जीतकर चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

इस प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल जोड़कियां की ओर से राजीव गांधी स्टेडियम में किया गया था। स्कूल के व्यवस्थापक दयाराम सैन, प्रिंसिपल रमेश कुमार और कोच शंकर सिंह नरूका ने इस उपलब्धि को स्कूल की ऐतिहासिक जीत बताया।

राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल जोड़कियां के प्रिंसिपल पवन कौशिक ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड मैडल पहनाकर बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बुधवार को इंदिरा गांधी बाल उच्च माध्यमिक स्कूल में विजेता खिलाड़ियों के स्वागत में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों, रंग-गुलाल और पुष्प वर्षा के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। स्कूल परिसर में इस सफलता के जश्न में खुशी का माहौल था। अब ये खिलाड़ी चौहटन, बाड़मेर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यवस्थापक दयाराम ने कोच शंकर सिंह नरूका और खिलाड़ियों की मेहनत बताया। को इस सफलता का श्रेय दिया और सभी को बधाई दी।

## सार-समाचार

### फील्ड फायरिंग अभ्यास को देखा



सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने 17-18 सितम्बर को बीकानेर मिलिट्री स्टेशन और महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया। आर्मी कमांडर ने रणबांकुरा डिवीजन की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने डिवीज़न के द्वारा किए गए प्रौद्योगिकी निवेश और ऑपरेशनल नवीनीकरणों को देखा।उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने वाली संस्था की हरित पहल और अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं की सराहना की। आर्मी कमांडर ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का भी दौरा किया तथा आर्टिलरी एवं आर्मर फॉर्मेशन द्वारा तैनाती और एकीकृत फील्ड फायरिंग अभ्यास को भी देखा। उन्होंने सभी रैंकों के प्रशिक्षण, व्यावसायिकता और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के उच्च मानक की सराहना की और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और मल्टी-डोमेन युद्ध के लिए ऑपरेशनल तैयारियों के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा

**अनूपगढ़,** (कासं)। अरोड़वंश धर्मशाला में बुधवार से 24 सितम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा और नानी बाई का मायरा का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से की गई। अनूपगढ़ के श्री गणेश मंदिर धाम से बाल संत भोले बाबा और संत विद्यासागर के सानिध्य में 501 कलशों के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। यह कलश यात्रा अनूपगढ़ के 27 ए चौक, कनॉट प्लेस चौक, गीता चौक, स्टूडियो रियल शूट के सामने, गढ़ रोड से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची जहां भव्य कलश यात्रा का समापन किया गया। भव्य कलश यात्रा का जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर और मिठाई वितरित कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजक सुभाष सोनी और शुभम सोनी ने बताया कि बाल संत भोले बाबा के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन और संत विद्यासागर महाराज के द्वारा नानी बाई के मायरे का वाचन किया जायेगा। आयोजक सुभाष सोनी और शुभम सोनी ने बताया कि अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 25 में स्थित अरोड़वंश धर्मशाला में लगातार 7 दिनों तक कथा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक नित्य स्तुति और प्रार्थना एवं प्रवचन, सुबह 6 से 7 बजे तक प्रभात फेरी, दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा, शाम 6 बजे से शाम 7 बजे तक गीता अभ्यास और रात 8 बजे से 10 तक नानी बाई का मायरा आयोजित किया जायेगा। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा और नानी बाई का मायरा का सोशल मीडिया पर भी लाइव प्रसारण किया जायेगा।

### व्यापारी से 80 लाख की धोखाधड़ी

**नोखा,** (कासं)। नोखा कस्बे में एक व्यापारी के साथ 80 लाख रूपए की धोखाधड़ी होने का मामला रात को नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया-नोखा जोरावपुरा निवासी प्रवीण पुत्र बाबूलाल कांकरिया ने रिपोर्ट में बताया कि 25 जुलाई को वह घर पर था। इस दौरान उसके व्हाटसअप पर मैसेज आया। जिस पर उससे ट्रेडिंग प्लेटफार्म के विषय में बात हुई। जब उसका आईडी रजिस्ट्रेशन हुआ तो, उस पर उसके वेरिफिकेशन के लिए आना ड्राइविंग लाइसेंस से वेरिफाई करवाई। उसके बाद ट्रेडिंग के विषय में बात हुई और ट्रेडिंग स्टार्ट हुई। सबसे पहले एक लाख की राशि से शुरूआत हुई। यह पैसे उसने अपने फर्म का खाते से ट्रांसफर की। इसके बाद उसने एप डाउनलोड कराया। उसमें एक तरफ उसकी एक लाख की राशि दिखाई देने लग गई। इस पैसे को प्राप्त करने के लिए और पैसा डालने के लिए बोला गया। उसको लाभ का झांसा देकर अलग-अलग खातों से कुल 80 लाख रूपए ट्रांसफर करवा लिए गए। जिस नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है।

### 412 होनहारों को टैबलेट बांटे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री नि:शुल्क टैबलेट वितरण योजना में बुधवार को शहर के मटका चौक स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल में कक्षा आठ से बारह तक के मेधावी स्टूडेंट्स को टैबलेट वितरण किया गया। स्कूल कैम्पस में सुबह से स्टूडेंट्स जुटने लगे थे। स्कूल के हॉल में क्रम के अनुसार स्टूडेंट्स के नाम पुकारे गए। यहां टैबलेट कई दिन पहले पहुंच गए थे। इंटरनेट वैलिडिटी के लिए सिम प्राप्त होने के बाद 412 स्टूडेंट्स को इनका वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि कुल 1717 स्टूडेंट्स को टैबलेट वितरित किए जाने हैं। इनमें से 412 टैबलेट के लिए सिम प्राप्त हुई है। इनका वितरण करने के लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अभी पिछले दो सत्र के लिए वितरण किया है। इसके लिए बड़ी संख्या में स्टाफ लगाया गया। स्कूल के हॉल में स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट जांचने के बाद वितरण का कार्य किया गया। टैबलेट वितरण का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तकनीक से जोड़ना है। सीबीईओ पन्नालाल कड़ेला ने बताया कि कुल 1717 टैबलेट का वितरण किया जाना है। इसकी औपचारिक शुरूआत पांच सितम्बर से विधायक जयदीप बिहाणी ने कर दी थी। बुधवार को कुछ टैबलेट की सिम मिलने के बाद इनका वितरण किया गया। ये टैबलेट 2021-22 और 2022-23 के मेधावी स्टूडेंट्स को दिए गए।

# ताश के पत्तों से जुआ खेलते 30 जुआरी गिरफ्तार

- **जुआ रकम 12.5 लाख रूपए और 9 वाहन जब्त**
- **अधिकतर जुआरी हरियाणा और पंजाब के हैं**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भादरा थाना पुलिस ने मंगलवार रात को स्पेशल टीम के सहयोग से ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 30 जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से साढ़े 12 लाख रुपए से अधिक की जुआ रकम बरामद की और नौ वाहन भी सीज किए।

पकड़े गए अधिकतर जुआरी हरियाणा व पंजाब के हैं। जानकारी के अनुसार अवैध धंधों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भादरा पुलिस थाना के कार्यवाहक प्रभारी एसआई वीरचंद के नेतृत्व में टीम मंगलवार रात को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रोही कलाना में सुन्दरपाल पुत्र जैलाराम जाट की ढाणी में कई लोग ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने सुन्दरपाल की ढाणी में दबिश देकर जुआ खेल रहे 30 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 12 लाख 62 हजार 320 रूपए की जुआ रकम बरामद हुई। पुलिस ने ढाणी में खड़े नौ वाहनों को एमवी एक्ट में सीज किया है। गिरफ्तार जुआरियों की पहचान राजेश कुमार पुत्र रमेश लाल वाल्मीकि निवासी हिसार, सतवीर पुत्र लालचन्द जाट निवासी ढींगसरा पीएस भट्टू कलां जिला फतेहाबाद, अनिल कुमार (35) पुत्र दलीप सिंह बिश्नोई निवासी कालवास पीएस आजाद नगर हिसार, शिवचरण पुत्र गुरनाम दास रामदासिया निवासी भठिण्डा, फिरोज पुत्र मयूदीन निवासी भठिण्डा, जोगेन्द्र (46) पुत्र जगदीश जाट निवासी ढींगसरा पीएस भट्टू कलां जिला फतेहाबाद, अनिल कुमार पुत्र मक्खन लाल बिश्नोई निवासी लीलास पीएस सिवानी, संदीप पुत्र जगदीश यादव निवासी ढाणी पीरान पीएस हांसी जिला हिसार, ब्रह्मदत्त पुत्र रामरतन कुम्हार निवासी चाहरवाला पीएस नाथूसरी चौपटा जिला सिरसा को पकड़ा है।

इसके अलावा सतपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जटसिख निवासी ढींगसरा पीएस भट्टू कलां जिला फतेहाबाद, विनोद पुत्र कृपाल सिंह वाल्मीकि निवासी मण्डी आदमपुर जिला हिसार, मुकेश पुत्र किशनलाल निवासी मॉडल टाउन हिसार, संजीव पुत्र मोहनलाल अग्रवाल निवासी भारत नगर कॉलोनी भठिण्डा, अजय पुत्र सरजीत जाट निवासी बैर पीएस भिरानी, ईश्वर पुत्र बलवन्त राय अग्रवाल निवासी अर्बन स्टेट हिसार, रविन्द्र पुत्र कृष्ण जाट निवासी माजरा दुबलधन पीएस बैरी जिला झज्जर, आकाश पुत्र महावीर सिंह राजपूत निवासी मॉडल टाउन हिसार, जितेन्द्र पुत्र बलजीत सिंह जाट निवासी माढोठी पीएस भादरगढ़ जिला झज्जर, सतपाल पुत्र साहबराम जाट निवासी बैनावाली पीएस भट्टू कलां जिला फतेहाबाद, हवासिंह पुत्र धर्मसिंह निवासी देवसर भिवानी, सुनील पूनिया पुत्र बलराम जाट निवासी सातरोड खुर्द पीएस सदर हिसार को दबोचा।

## अवैध रिफिलिंग करने पर मशीनें जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। घरेलू सिलेंडर की व्यावसायिक दुरूपयोग रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जांच दल द्वारा बुधवार को की गई कार्यवाही में मुरलीधर व्यास नगर, इंडियन इंग्लिश स्कूल के सामने करमीसर रोड पर तीन एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रिक कांटा तथा एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई।

जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि कृष्णा पुत्र बलदेव निवासी करमीसर को ऑटो व अन्य वाहनों में अवैध रिफिलिंग करते पाया गया। एलपीजी वितरण एवं आपूर्ति विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन पाए जाने पर यह समस्त मशीनें जब्त करने की कार्रवाई की गई। जब्त सामग्री को पेड़ीवाल गैस एजेंसी नया शहर को सुपुर्द कर गोदाम में सुरक्षित रखवाया गया है।

जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा विभिन्न होटलों, फर्मों और रिफिलिंग सेंटरों पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है।

## बस स्टैंड के शौचालय में मिली नवजात का खुलासा

- **पति-पत्नी और बेटी गिरफ्तार, आरोपी मूलतः बिहार के निवासी हैं**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पुलिस ने बस स्टैंड के शौचालय में नवजात बालिका मिलने के मामले का खुलासा करते हुए पति-पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया।

जंक्शन थाना पुलिस ने बस स्टैंड के आधुनिक महिला शौचालय में डस्टबिन के नीचे नवजात बालिका मिलने के मामले का खुलासा करते हुए पति-पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपी मूलत: बिहार के निवासी हैं, जो वर्तमान में संगरिया की गुरूनानक बस्ती में रह रहे हैं। जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि 12 सितम्बर को सुबह करीब 7.30 बजे पुलिस थाने में फोन पर सूचना मिली कि जंक्शन बस स्टैंड प्रांगण में बने महिला शौचालय में डस्टबिन के पास एक नवजात शिशु (बालिका) कपड़े में लिपटी जीवित अवस्था में मिली है, जिसे कोई महिला छोड़कर गई है।

रणजीत निवासी जंक्शन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 93 के तहत अभियोग दर्ज कर अनुसंधान एएसआई शिवनारायण के सुपुर्द किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम ने मानवीय आसूचना संकलन व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का पता लगाने में सफलता हासिल की।

इस प्रकरण में मनीषा कुमारी (20) पुत्री सजीवराम निवासी वार्ड चार, डेउआ कुम्हारा बिशनपुर जिला सीतामढ़ी मणी चौक, बिहार हाल गुरूनानक बस्ती, संगरिया, मनीषा की माता मरनी देवी (40) व पिता सजीवराम को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई शिवनारायण, हैड कांस्टेबल नरेश कुमार, लायकसिंह व कांस्टेबल श्रवण कुमार शामिल थे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल श्रवण कुमार की विशेष भूमिका रही। आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

## तीन रेजिडेंट्स ने जीते चार पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान के यूरोलॉजी विशेषज्ञों का वार्षिक अधिवेशन, रॉयल यूरोलॉजी सोसायटी के तत्वावधान में 14 से 15 सितम्बर तक कोटा में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. मुकेश चंद्र आर्य ने की, जिसमें राजस्थान से आये यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञों ने मरीजों के उपचार में आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। इस सम्मेलन में यूरोलॉजी के रेजिडेंट्स ने भी कई शोध-पत्र प्रस्तुत किए। यूरोलॉजी विभाग से डॉ. प्रद्योत शाही को वीडियो प्रेजेंटेशन श्रेणी में और यूरोलॉजी क्विज में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके साथ ही डॉ. आकाश शर्मा को वीडियो प्रेजेंटेशन श्रेणी में और डॉ. अभिषेक बावा को पोस्टर प्रेजेंटेशन श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुए।

इस अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक, डॉ. गुंजन सोनी ने राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान पीबीएम के यूरोलॉजी विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। उनके द्वारा विभाग की उपलब्धियों और योगदान की सराहना की गई, जिससे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र में पीबीएम का मान बढ़ा है।

## गृह राज्य मंत्री 20 को आयेंगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम 20 सितम्बर को गंगानगर आयेंगे।

प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार गृह राज्यमंत्री 19 सितम्बर को सायं 4 बजे जयपुर से रवाना होकर वाया सूरतगढ़ होते हुए रात्रि में श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस श्रीगंगानगर में करने के बाद वे 20 सितम्बर को प्रात: 10 बजे जन सेवा हॉस्पिटल, टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। दोपहर 1 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला श्रीगंगानगर में कानून व्यवस्था संबंधी समीक्षा बैठक लेंगे।

## नहरबंदी में फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण शुरू करने की मांग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगनहर क्षेत्र के किसानों ने आगामी अप्रैल में प्रस्तावित नहरबंदी के दौरान फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण शुरू करवाने की सरकार से मांग की है।

हालांकि पंजाब की ओर से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए तैयार डीपीआर स्वीकृति के लिए केन्द्रीय जल आयोग को भेजी जा चुकी है। स्वीकृति भी जल्दी ही मिलने की उम्मीद है।

किसानों ने फीडर के पुनर्निर्माण के दौरान गंगनहर को पुरानी बीकानेर कैनाल व आईजीएनपी के माध्यम से लिंक चैनल से पूरा पानी देने का प्रबंध करने की मांग की है।

गंगानगर किसान मजदूर समिति के किसान नेताओं के मुताबिक आगामी अप्रैल में नहरबंदी प्रस्तावित है। नहरबंदी के दौरान फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण कार्य शुरू करवाया जाना चाहिए। इसके लिए पंजाब के अधिकारियों से भी बात की गई है। उन्होंने आश्वासन भी दिया है।

अब केन्द्रीय जल आयोग से स्वीकृति मिलने के साथ ही निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की मांग की जा रही है ताकि काम शुरू करने में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आए। नहरबंदी के दौरान भी गंगनहर के किसानों को पूरा पानी मिलता रहे इसके लिए पुरानी बीकानेर कैनाल व पुरानी आईजीएनपी से लिंक चैनल के जरिए गंगनहर को पूरा पानी देने का प्रबंध करने की मांग की जा रही है ताकि पेयजल व सिंचाई पानी की किल्लत नहीं हो।

गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्र सिंह गिल ने बताया कि लिंक चैनल का पक्का निर्माण करवाकर पौंड बनाया जायेगा ताकि किसी प्रकार की किसानों को समस्या नहीं हो।

# एनआरसीसी से कैमल मिल्क आइसक्रीम की प्रौद्योगिकी को लेकर एम.ओ.यू. साइन



एनआरसीसी केन्द्र के निदेशक डॉ. आर. के. सावल एवं खेतरपाल उद्योग के प्रोपराइटर मुन्नीराम चौधरी ने कैमल मिल्क आइसक्रीम की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के एमओयू पर साइन किए।

- **ऊंटनी के दूध से निर्मित आइसक्रीम उत्पाद बनाने की प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण श्री खेतरपाल उद्योग व एनआरसीसी के बीच हुआ**

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केन्द्र (एनआरसीसी) द्वारा ऊंटनी के दूध से निर्मित आइसक्रीम उत्पाद बनाने की प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण श्री खेतरपाल उद्योग, गांव मूंडसर, बीकानेर को किया गया। इस प्रयोजन हेतु एनआरसीसी एवं खेतरपाल उद्योग के बीच एमओयू किया गया है जिसमें केन्द्र के निदेशक डॉ. आर. के. सावल एवं इस कंपनी के प्रोपराइटर मुन्नीराम चौधरी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

केन्द्र के निदेशक डॉ. आर. के. सावल ने उत्साहित होते हुए कहा कि ऊंटनी के दूध में विद्यमान औषधीय गुणधर्मों से इसकी लोकप्रियता तथा सामाजिक स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। विभिन्न मानव रोगों यथा-मधुमेह, क्षय रोग, ऑटिज्म आदि के प्रबंधन में दूध का महत्वपूर्ण योगदान है।

फलस्वरूप ऊंटनी के दुग्ध व्यवसाय को अपनाने के लिए युवा उद्यमी, ऊंटनी के दूध से विकसित उत्पादों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए आगे आ रहे हैं। डॉ. सावल ने कैमल मिल्क आइसक्रीम उत्पाद के तकनीकी हस्तांतरण पर कहा कि ऊंटनी के दूध से निर्मित आइसक्रीम का निर्माण करते समय, इसी दूध की क्रीम को प्रयुक्त करने पर इसमें विद्यमान आवश्यक वसीय अम्ल, मानव त्वचा, मांसपेशियों व हृदय को स्वस्थ्य बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकेंगे।

मुन्नीराम चौधरी ने कहा कि फर्म का गाय व भैंस के दूध का पारंपरिक व्यवसाय है, परंतु ऊंटनी के दूध की मानव स्वास्थ्य में उपयोगिता खासकर मधुमेह रोग में इसकी लाभकारिता को देखते हुए एनआरसीसी से आइसक्रीम उत्पाद बनाने की प्रौद्योगिकी ली गई है। चौधरी ने शुगर फ्री आइसक्रीम उत्पाद तैयार कर सर्वप्रथम स्थानीय नगर स्तर पर इसकी लोकप्रियता व उपादेयता बढ़ाने हेतु अन्य गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर घर-घर सम्पर्क करने करने की बात कही।

# पति-पत्नी की 31 दिनों की तपस्या गौरव की बात : चरितार्थ प्रभा





विनोद कुमार आंचलिया एवं उनकी धर्मपत्नी अंजू देवी का मासखमण तप अभिनंदन समारोह में सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में शान्ति निकेतन सेवा केन्द्र में युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा एवं साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में मासखमण तप अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

सुशीला देवी रामपुरिया ने आज 29 दिनों की तपस्या की है ओर 31 दिनों की तपस्या करने का लक्ष्य है। विनोद कुमार आंचलिया एवं उनकी धर्मपत्नी अंजू देवी आंचलिया ने संजोड़े। आज 31 दिवस की तपस्या-मासखमण तप किया है।

तपस्या की अनुमोदना करते हुए साध्वी श्री चरितार्थ प्रभा ने कहा कि गंगाशहर में एक नया इतिहास बना है। पति-पत्नी ने संजोड़े एक साथ 31 दिनों की तपस्या की है और एक साथ तीन मासखमण तप की अनुमोदना की जा रही है। यह गंगाशहर के लिए गौरव की बात है। तपस्या में कोई किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। न ही तपस्या देखा-देखी, होडा - होडी में हो सकती। तपस्या उच्च मनोबल से ही संभव है। तेजस शरीर ओर कार्मण शरीर तपता है, तब बहुत बडी कर्म निर्जरा होती है और आत्मा मोक्षगामी बनती है, पाप कर्मों से हल्की होती है। साध्वी श्री ने होली चातुर्मास तक सत्ताईस मासखमण तप गंगाशहर में श्रावक-श्राविकाएं करें, ऐसी प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर साध्वी प्रांजल प्रभा ने कहा कि आज गंगाशहर के चारों तीर्थों साधु- साध्वियों, श्रावक-श्राविकाओ में अपार खुशी है।